# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**07 जुलाई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितता के मामले में ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय और सदस्य अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर। कृष्ण मोहन को बनाया गया अंतरिम महासचिव।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में सत्ताइस प्रस्ताव पारित। स्टार्टअप नीति 2026 और डाटा सेंटर नीति 2026 को मिली मंजूरी।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वृक्षारोपण महाभियान–2026 की तैयारियों की समीक्षा की। बारह जुलाई को प्रदेश भर में लगाए जाएंगे पैंतीस करोड़ पौधे।
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने टनकपुर से पीलीभीत तथा बरेली होकर महाराष्ट्र जाने वाली साप्ताहिक ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से दिखाई हरी झंडी

**********

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितता के मामले में कल श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे को मंजूर कर लिया गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरि ने यह जानकारी दी।

***इस न्यास के बने हुए कांस्टीट्यूशन संविधान के अनुसार त्यागपत्र देते ही वह स्वीकृत माना जाता है और इसलिए हम लोगों के पास अन्य कोई चारा ही नहीं था। ऐसी स्थिति में और हम लोगों ने उसका स्वीकार भी कर लिया। उस समय हमने चंपत राय जी के द्वारा की गई सेवा का अभिनंदन भी किया। उदार अंतःकरण से उन्होंने स्वयं इस प्रकार का निर्णय लिया। अगली व्यवस्थाओं के लिए हम लोग कटिबद्ध हैं और इन व्यवस्थाओं का दायित्व अंतरिम महामंत्री के रूप में मेरे साथ विराजमान श्रीमान कृष्ण मोहन जी को सौंपा गया है।***

ट्रस्ट ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति का भी फैसला किया है। इसके लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जो उपयुक्त नामों की सिफारिश करेगी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने कहा कि दान में मिली सभी वस्तुएं सुरक्षित हैं।

**अनेक अच्छे–अच्छे पदार्थ जो दिए गए, अनेक वस्तुओं जो प्रदान की गईं वे भी कहां गुल हो गईं, वह कहां चली गई उन सारी वस्तुओं का रजिस्टर हम लोगों ने आपके सामने आपको दिखाने के लिए लाया है। हम आपको दिखाएंगे और वे सारी वस्तुएं जिनका वर्णन आता है इन सबको हम आज आपके सामने यहां पर रख करके दिखाने वाले हैं। इस प्रकार की 2800 वस्तुओं का रजिस्टर हम लोगों के पास उपलब्ध है और वह सारी वस्तुएं सुरक्षित हैं।**

इससे पहले, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने पत्र के माध्यम से कहा कि राम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितता की घटना से वह बेहद आहत हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। उधर, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने कल श्री राम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितता मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रि परिषद की बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए स्टार्टअप मिशन डायरेक्ट्रेट के गठन के साथ ही स्टार्टअप नीति 2026 और डाटा सेंटर नीति 2026 का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

***17 हजार स्टार्टअप हमारे यहां रजिस्टर्ड है। इसको और आगे बढ़ाने के लिए इंक्यूबेटर्स और सेंटर ऑफ एक्सीलेंट के बीच एक समन्वय स्थापित करने के लिए और स्टार्ट अप मिशन डाइरेक्टोरेट की स्थापना की जाएगी। अभी तक स्टार्टअप का कार्य केवल यूपीएलसी देखती थी। इसकी एक अलग बॉडी होगी जिसमें सीईओ होंगे और नीचे के एक इंफ्रास्ट्रक्चर अलग से होगा।***

श्रम और सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने श्रम विभाग की ओर से गोरखपुर और मुरादाबाद में 100–100 बेड के अस्पताल तथा वाराणसी में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए निःशुल्क भूमि आवंटन को सहमति दी है।

***गोरखपुर में पांच एकड़ जमीन हॉस्पिटल बनाने के लिए दी जा रही है। मुरादाबाद में भी पांच एकड़ जमीन 100 बेड के हॉस्पिटल को बनाने के लिए दी जा रही है और 13 एकड़ जमीन बनारस में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए भारत सरकार को निःशुल्क आवंटित की जाएगी। जो मेडिकल कॉलेज बनारस में बन रहा है उसमें 50 प्रतिशत सीट जो एमबीबीएस की होगी वह श्रमिक के बच्चों के लिए आरक्षित होगी। 18 प्रतिशत उसमें राज्य सरकार का आवंटन होगा और 7 प्रतिशत केन्द्र सरकार उसमें छात्रों का चयन करेगी।***

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बैठक में शाहजहांपुर जनपद के जलालाबाद कस्बे का नाम बदल कर परशुरामपुरी करने को स्वीकृति दी गई। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिये गए।

***कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस सुविधा का लाभ दिये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने ओलम्पिक, पैरालम्पिक, एशियन गेम्स और कामनवेल्थ गेम्स सहित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से चयन को मंजूरी दी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

कैबिनेट ने नगर निगम गोरखपुर और मुरादाबाद द्वारा म्युनिसिपल बॉण्ड जारी किए जाने तथा अवस्थापना विकास निधि से क्रेडिट रेटिंग बढ़ाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान कर दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वृक्षारोपण महाभियान–2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी 12 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत उत्सवपूर्ण वातावरण में एक दिन में 35 करोड़ पौधों का वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ आयोजित किया जाएगा।

***12 जुलाई को इसके लिए हम लोगों ने तिथि तय की है। हर एक घंटे में कहां–कहां पर कोई बड़ा, अच्छा इवेंट हो रहा है, यह भी हम लोग लाइव दिखाएंगे। कितना वृक्षारोपण के लक्ष्य को हमने प्राप्त किया है, इसको भी हम वहां पर बताते हुए जाएंगे, आपको हर टीवी स्क्रीन पर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह सारी चीजें आपके सामने प्रस्तुत होंगी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रयागराज के काली घाट पर स्थित प्रेरणा पार्क का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई और अशोक सिंघल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र है कि विकास करने के लिए विरासत का सम्मान करना जरूरी है।

**********

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल वर्चुअल माध्यम से टनकपुर से पीलीभीत और बरेली होकर महाराष्ट्र के नांदेड़ जाने वाली साप्ताहिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद पीलीभीत में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने सम्बोधन में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि नई ट्रेन के चलने से पूर्णागिरी देवी मंदिर, नेपाल, रीठा साहिब, आदि कैलाश और नानकमत्ता साहिब तक यात्रियों की पहुंच सुगम होगी।

***जब आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आगमन हुआ था पीलीभीत की धरती पर और उन्होंने कहा था कि पीलीभीत का कायाकल्प करके दे देंगे और मैं आज गर्व से कह सकता हूं कि करीब एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें यहां चलने का काम रेल मंत्री जी द्वारा किया जा रहा है। क्योंकि यह ट्रेन से जुड़ा उद्योग बनाता है। भारत की जनता इस पीलीभीत की धरती पर आएगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। हमारे युवाओं को रोजगार मिलेगा, आमदनी के जरिए मिलेंगे।***

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री प्रसाद ने शाहजहांपुर तक विस्तारित टनकपुर पीलीभीत पैसेंजर ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**********